




# न्यूज़ लेटर
## उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

जनवरी-2018

अन्दर के पृष्ठों पर........


- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- आगामी गतिविधियाँ
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, गोष्ठी एवं भ्रमण

तकनीकी स्तम्भ

विविध


## नव वर्ष सन्देश



उ0प्र0 पुलिस रेडियो कर्मचारियों द्वारा किये जा रहे उल्लेखनीय कार्य एवं महत्वपूर्ण गतिविधियों की जानकारी प्रदेश के सभी रेडियो कर्मियों को देने के उद्देश्य से उ0प्र0 पुलिस दूरसंचार के न्यूज़ लेटर का प्रकाशन प्रारम्भ किया गया है।

यह अत्यंत हर्ष एवं संतोष का विषय है कि पुलिस रेडियो कार्मिकों ने अपनी मेहनत, लगन एवं कठिन परिश्रम से वर्ष 2017 में उत्तर प्रदेश विधान सभा सामान्य निर्वाचन एवं नगर निकाय निर्वाचन बिना किसी संचार व्यवधान के सकुशल सम्पन्न कराये हैं। यह कार्य विभाग में विभिन्न पदों पर काफी संख्या में विद्यमान रिक्तियों के बावजूद भी उपलब्ध कर्मियों द्वारा अपने कौशल के बल पर पूर्ण किये गये हैं, जिसके लिए सभी अधिकरी/कर्मचारी बधाई के पात्र हैं।

वर्ष-2019 में प्रस्तावित कुम्भ मेला, इलाहाबाद को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सभी अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा पूर्ण मनोयोग से अथक प्रयास किये जाने की आवयश्यकता है।

नव वर्ष-2018 के इस प्रथम अंक के माध्यम से मैं सभी को नव वर्ष की शुभकामनायें प्रेषित करते हुए सामान्य दैनिक कार्य पूर्ण दक्षता एवं कुशलता से पूर्ण करने का आव्हान करता हूँ।

मैं नव वर्ष के अवसर पर पद्मश्री स्व0 छत्रपति जोशी जी के जीवन एवं कृतित्व के सम्बन्ध में जारी विशेषाँक के माध्यम से सभी कार्मिकों से स्व0 जोशी जी से प्रेरणा लेकर कार्य करने, कार्य के प्रति समर्पण भाव एवं कर्म को ही पूजा मानते हुए आपके अमूल्य योगदान की अपेक्षा करता हूँ।

विगत वर्षो में सभी कार्मिकों ने अपने कर्तव्य के प्रति लगन एवं निष्ठा का परिचय देकर उ0प्र0 पुलिस रेडियो को एक नई पहचान दी है। आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि नव वर्ष 2018 में भी सभी कार्मिक इस संगठन को नई ऊँचाईयों पर ले जाने के लिए कृत संकल्प होकर पूर्ण निष्ठा से कार्य करेंगे।

(प्रमोद कुमार तिवारी)
पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0

## उपलब्धियाँ

1. नवम्बर 2017 में उ0प्र0 में 03 चरणों में नगर निकाय चुनाव सम्पन्न हुए। 22 नवम्बर 2017 को 24 जनपदों, 26 नवम्बर 2017 को 25 जनपदों एवं 29 नवम्बर 2017 को 26 जनपदों में सम्पन्न नगर निकाय सामान्य निर्वाचन (16 नगर निगम, 1300 नगर निगम वार्ड, 198 नगर पालिका परिषद, 5261 नगर पालिका परिषद वार्ड, 438 नगर पंचायतों एवं 5446 नगर पंचायत वार्ड) हेतु निर्विघ्न संचार व्यवस्था की स्थापना की गयी।

संचार व्यवस्था हेतु प्रथम चरण में रेन्ज रिज़र्व से 710 व रेडियो मुख्यालय से 2120 वायरलेस सेट तथा 64 स्टाफ, द्वितीय चरण में रेन्ज रिज़र्व से 690 व रेडियो मुख्यालय से 1951 वायरलेस सेट तथा 63 स्टाफ एवं तृतीय चरण में रेन्ज रिज़र्व से 710 व रेडियो मुख्यालय से 2469 वायरलेस सेट तथा 57 स्टाफ का व्यवस्थापन कराते हुए पुलिस संचार व्यवस्था की स्थापना की गयी।

01 दिसम्बर 2017 को उक्त नगर निकाय चुनाव 2017 की मतगणना हेतु भी निर्विघ्न संचार व्यवस्था की स्थापना की गयी।

चुनाव कार्यक्रमों के दौरान दैनिक कार्यों के अतिरिक्त प्रेक्षकगण तथा वीआईपी भ्रमण हेतु भी पुलिस संचार व्यवस्था कायम रखी गयी।

2. दिनांक 25.12.2017 को नोयडा में मा0 प्रधानमंत्री जी के भ्रमण तथा दिसम्बर 2017 में मेरठ/वाराणसी जोन में मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 के 02, मा0 राज्यपाल, मा0 मंत्रीगण, उ0प्र0/मा0 मंत्रीगण, भारत सरकार एवं विशिष्ट अतिथियों के लगभग 86 भ्रमण कार्यक्रमों के दौरान निर्विघ्न पुलिस संचार व्यवस्था स्थापित करायी गयी।

3. जनपद आगरा में दिनांक 05.12.2017 को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के 83वें दीक्षांत समारोह में माननीय राष्ट्रपति, भारत गणराज्य, श्री रामनाथ कोविंद ने टापर्स की लिस्ट में छात्राओं का दबदबा देखकर कहा कि बेटियाँ अब बेटों से आगे बढ़ रही हैं। उनके आगमन एवं दीक्षांत सामारोह हेतु अतिरिक्त स्टैटिक / मोबाइल एवं हैण्ड हेल्ड सेट अधिष्टापित कराकर उत्तम संचार व्यवस्था स्थापित की गयी।

4. जनपद लखनऊ में दिनांक 03/04.12.2017 को मा0 उपराष्ट्रपति, भारत गणराज्य तथा दिनांक 15.12.2017 को मा0 राष्ट्रपति, भारत गणराज्य के भ्रमण कार्यक्रमों के अवसर पर समस्त पुलिस संचार व्यवस्था की स्थापना एवं संचालन का कार्य कराया गया। इन अवसरों पर सीसीटीवी उपकरणों की स्थापना एवं संचालन भी कराया गया।


## सराहनीय कार्य

1. जनपद इलाहाबाद में दिनांक 02.01.2018 से 13.02.2018 तक प्रस्तावित माघ मेला में पुलिस हेतु संचार व्यवस्था के लिये 345 वायरलेस सेट, 100 हैवी डयूटी बैट्री, 45 सीसीटीवी की स्थापना की गयी। ड्यूटियों हेतु 158 कार्मिकों को भेजा गया।

## दिसम्बर/2017 की मुख्य गतिविधियाँ

1. गोरखपुर ज़ोन के जनपदों हेतु डिज़ीटल तकनीकी के नये 2112 अद्द स्टैटिक/मोबाइल तथा 1683 अद्द हैण्ड हेल्ड वायरलेस सेटों का आवंटन किया गया।

2. जनपद अम्बेडकरनगर के थाना आलापुर क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 27.11.2017 से प्रारम्भ बाबा गोविन्द साहब के सुप्रसिद्ध मेले हेतु कन्ट्रोल रूम स्थापित करके स्टैटिक वायरलेस सेट तथा 15 अदद हैण्ड हेल्ड सेट द्वारा पुलिस संचार व्यवस्था स्थापित की गयी है। सर्विलांस हेतु 04 अदद सी0सी0टी0वी0 कैमरों का अधिष्ठापन भी कराया गया है।



## आगामी गतिविधियाँ

1. उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र में 50 प्रशिक्षणर्थियों हेतु चार माह का विभागीय ग्रेड–द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 02.01.2018 से प्रस्तावित है।

2. 06 जनवरी 2018 को पुलिस रेडियो मुख्यालय पर निष्प्रयोज्य संचार उपकरणों एवं उपकर्मिकाओं की सार्वजनिक नीलामी प्रस्तावित है।

## मुख्य ड्यूटियाँ

गुजरात विधान सभा चुनाव हेतु माह नवम्बर/2017 में 35 रेडियो कार्मिकों को पुलिस संचार ड्यूटी हेतु भेजा गया।



10 कंपनी पीएसी गुजरात के लिए रवाना

ट्रेन में ही बना कंट्रोल रूम ट्रेन की अलग-अलग बोगी में एक-एक कंपनी के जवान थे। साथ ही ट्रेन के पिछले हिस्से में कंट्रोल रूम बनाया गया है। अन्य बोगी में मौजूद कंपनी के प्रभारियों को वायरलेस दिया गया था, जिससे वह कंट्रोल रूम से जुड़े रहें।

## सूचना प्रकोष्ठ

1. दिनांक 01.01.2017 से वर्तमान तक 208 आवेदन पत्र निस्तारित किये गये हैं।

2. दिनांक 01.01.2017 से वर्तमान तक 36 प्रथम अपील निस्तारित की गयी हैं।

3. दिनांक 01.01.2017 से वर्तमान तक 07 द्वितीय अपील निस्तारित की गयी हैं।

## कल्याणकारी कार्य

1. वर्ष 2017 में वर्तमान तक कुल 171 पेंशनरों के पेंशन प्रकरण पुनरीक्षित/संशोधित करके पुलिस मुख्यालय भेजे गये।

2. रेडियो मुख्यालय पर चिकित्सा प्रतिपूर्ति के 230 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। वर्तमान में कोई प्रकरण लम्बित नहीं है।

3. पुलिस रेडियो मुख्यालय के कार्मिकों एवं उनके परिवारों के लिए दिनांक 19.12.2017 को निःशुल्क स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन प्रशिक्षण केन्द्र में किया गया जिसमें 73 कार्मिक लाभान्वित हुये।

4. प्रशिक्षण केन्द्र स्थित होम्योपैथिक चिकित्सालय में 400 से अधिक कार्मिकों का उपचार दिसम्बर 2017 में किया गया।

5. प्रशिक्षणरत 99 कार्मिकों के ब्लडप्रेशर एवं शारीरिक भार की माप करायी गयी है।

## शासनादेश, आदेश

1. शासनादेश संख्याः 5/2017/2091/6–पु–1–17–261/2017 दिनांक 02.12.2017 द्वारा प्रदेश पुलिस के समस्त अराजपत्रित अधिकारियों कर्मचारियों को वर्तमान में दिये जा रहे पौष्टिक आहार भत्ते में वृद्धि की गयी है। शासनादेश में अपर पुलिस अधीक्षक/पुलिस उपाधीक्षक का नया भत्ता रु0 800.00, निरीक्षक से लिपिक का नया भत्ता रु0 1200.00, मुख्य आरक्षी/आरक्षी का नया भत्ता रु0 1500.00 एवं चतुर्थ श्रेणी का नया भत्ता रु0 1350.00, शासनादेश निर्गत होने की तिथि से, प्रभावी किया गया है।

2. पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के परिपत्र संख्याःडीजी परिपत्र संख्या–40 दिनांक 23.11.2017 द्वारा शासकीय पत्राचार की प्रति अनावश्यक रुप से पृष्ठांकित न करने हेतु निर्देशित किया गया है। प्रति तभी पृष्ठांकित किये जाने के निर्देश हैं जब– (क) किसी भी कार्यालय द्वारा प्रति की अपेक्षा की गयी हो। (ख) उस कार्यालय से किसी कार्यवाही की अपेक्षा हो। ऐसी स्थिति में पृष्ठांकन में यह स्पष्ट रुप से अंकित किया जाये कि उस कार्यालय से किस कार्यवाही की अपेक्षा है। (ग) प्रकरण इतना महत्वपूर्ण हो कि उसे सम्बन्धित कार्यालय के संज्ञान में लाना जरुरी है।

3. पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के पत्र संख्याःडीजी–सात–एस–10–(55)/2017 दिनांक 02/08.12.2017 द्वारा उत्तर प्रदेश में गोवंश के वध एवं तस्करी पर नियंत्रण हेतु मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0, लखनऊ में नियुक्त पुलिस महानिरीक्षक (अपराध), उ0प्र0, लखनऊ (पदेन) को ''नोडल अधिकारी'' नामित किया गया है।

## गोष्ठी एवं भ्रमण

### पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार की गोष्ठियाँ एवं भ्रमण कार्यक्रम

1. रेडियो मुख्यालय पर दिनांक 05.12.2017, 12.12.2017 एवं 19.12.2017 को साप्ताहिक गोष्ठियाँ सम्पन्न की गयीं एवं कार्य सुधार हेतु दिशा–निर्देश जारी किये गये।

2. दिनांक 08.12.2017 को जनपद आगरा का भ्रमण किया गया।

## रेडियो मुख्यालय पर क्रय कार्यवाही

रेडियो मुख्यालय पर सामग्रियों का क्रय ''जेम पोर्टल'' के माध्यम से प्रारम्भ कर दिया गया है। ई–टेण्डर की प्रक्रिया भी प्रारम्भ कर दी गयी है।

## रेडियो मुख्यालय के कार्यालय ज्ञाप

1. पुलिस महानिरीक्षक/निदेशक, दूरसंचार के कार्यालय ज्ञाप संख्याः आरएचक्यू–डीआईआर–सीए–4/2017 दिनांक 20.12.2017 द्वारा अराजपत्रित अधिकारी/कर्मचारी के विरुद्ध निलम्बन, सम्बद्धता अथवा प्रारम्भिक जाँच हेतु सक्षम अधिकारियों का निर्धारण किया गया है।

2. पुलिस महानिरीक्षक/निदेशक, दूरसंचार के कार्यालय ज्ञाप संख्याः एम–604/2017 (मिसलेनियस) दिनांक 19.12.2017 द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय की महत्ता एवं आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए भवन की अग्नि से सुरक्षा एवं आग लगने पर की जाने वाली कार्यवाही, कार्मिकों के प्रशिक्षण इत्यादि विषयों को समाहित करते हुए ''मानक संचालन प्रक्रिया'' जारी की गयी है।

## तकनीकी स्तम्भ

### OLED

An organic light-emitting diode (OLED) is a light - emitting diode (LED) in which the emissive electroluminescent layer is a film of organic compound that emits light in response to an electric current. This layer of organic semiconductor is situated between two electrodes; typically, at least one of these electrodes is transparent. OLEDs are used to create digital displays in devices such as television screens, computer monitors, portable systems such as mobile phones, handheld game consoles and PDAs.

There are two main families of OLED: those based on small molecules and those employing polymers. Adding mobile ions to an OLED creates a light-emitting electrochemical cell (LEC) which has a slightly different mode of operation. An OLED display can be driven with a passive-matrix (PMOLED) or active-matrix (AMOLED) control scheme. In the PMOLED scheme, each row (and line) in the display is controlled sequentially, one by one, whereas AMOLED control uses a thin-film transistor backplane to directly access and switch each individual pixel on or off, allowing for higher resolution and larger display sizes.

An OLED display works without a backlight; thus, it can display deep black levels and can be thinner and lighter than a liquid crystal display (LCD). In low ambient light conditions (such as a dark room), an OLED screen can achieve a higher contrast ratio than a LCD.

## विविध


### प्रशिक्षण गतिविधियाँ

1. उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र में दिनांक 01.09.2017 से प्रचलित चार माह का विभागीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 28.12.2017 को समाप्त हो गया।

2. उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र में चार माह का विभागीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 01.11.2017 से संचालित है।

3. रेडियो मुख्यालय पर नियुक्त उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार), राज्य रेडियो अधिकारी, अपर राज्य रेडियो अधिकारी एवं सहायक रेडियो अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण केन्द्र में संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में व्याख्यान लिये गये।

4. दिनांक 04.12.2017 को रेडियो मुख्यालय पर नियुक्त कार्मिकों हेतु, अग्निशमन विभाग के सहयोग से, अग्निशमन प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ जिसमें अग्निशमन उपकरण तथा उनके संचालन का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण से लगभग 90 कार्मिक लाभान्वित हुए।



## सेवानिवृत्ति

नवम्बर 2017 में सेवानिवृत्त हुए 12 कार्मिकों को परम्परागत रुप से पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार द्वारा हस्ताक्षरित सम्मान–पत्र से सम्मानित किया गया।



निम्न 29 कार्मिक दिसम्बर 2017 में अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए–

1. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री वीरेन्द्र नाथ सान्याल, रेडियो मुख्यालय 2. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री रतिराम सिंह, ललितपुर 3. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राम सूरत यादव, गोरखपुर 4. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री योगवीर सिंह, गाजियाबाद 5. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राज नारायण, इलाहाबाद 6. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री कौशल किशोर, रेडियो मुख्यालय 7. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री भुवन सिंह पटवाल, 10 वाहिनी पीएसी 8. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अशोक कुमार अवस्थी, खीरी 9. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अरूण कुमार दीक्षित, लखनऊ 10. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राम खेलावन, रेडियो मुख्यालय 11. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री त्रिभुवन नारायण शुक्ला, संत रविदासनगर 12. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री लक्ष्मी प्रसाद कुशवाहा, जालौन 13. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री परमहंस प्रसाद, 10 वाहिनी पीएसी 14. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री रघुवीर सिंह, रेडियो मुख्यालय 15. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री कृष्ण कुमार पाठक, मऊ 16. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री मदनपाल सिंह, मुजफ्फरनगर 17. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सफीक अहमद सिद्दीकी, रेडियो मुख्यालय 18. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री रघुनंदन लाल, ललितपुर 19. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री ओमप्रकाश राय, गाजीपुर 20. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सूरज नंदन, शामली 21. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री प्रहलाद सिंह, मेरठ 22. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अजीत कुमार सिंह, इलाहाबाद 23. प्रधान परिचालक /2817, श्री सुरेन्द्र नाथ कटियार, औरेया 24. प्रधान परिचालक/3012, श्री सियाराम, हाथरस 25. प्रधान परिचालक/663, श्री श्रीपति वर्मा, झाँसी 26. प्रधान परिचालक /2832, श्री शिवबालक, कन्नौज 27. प्रधान परिचालक /3023, श्री बाबूराम, फिरोजाबाद 28. ए0एस0आई0एम0, श्री अशोक कुमार रायजादा, आगरा 29. कर्म0कर्मचारी/2062, श्री सिद्धनाथ, बहराइच लखनऊ में नियुक्त सभी 06 कार्मिकों को स्वयं पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार द्वारा सम्मान–पत्र दिये गये।

## खेल-कूद

दिनांक 18–21.12.2017 तक जनपद इलाहाबाद में आयोजित उ0प्र0पु0 की 35वीं वार्षिक टेबल टेनिस एवं बैडमिण्टन प्रतियोगिता में पुलिस रेडियो ज़ोन द्वारा 11 स्वर्ण एवं 06 रजत पदक अर्जित किये गये जिसका विवरण निम्नानुसार है–

| प्रतियोगिता का नाम | विजेता का नाम | पदक |
|---|---|---|
| बैडमिण्टन सुपर वेटरन 55+ | उपनिरीक्षक आर के वर्मा | रजत –2 |
| | प्र0परि0/2711 मेराज रसूल | स्वर्ण –2 |
| बैडमिण्टन मिक्स डबल्स | प्र0परि0यॉ0/1047 डी के शुक्ला | स्वर्ण –1 |
| टेबिल टेनिस टीम चैम्पियनशिप | निरीक्षक देवेन्द्र सिंह(सुरक्षा मुख्यालय) | स्वर्ण –1 |
| | रेडियो निरीक्षक एन एस राठौर | स्वर्ण –1 |
| | एसआईएम बी एन सिंह(अभिसूचना) | स्वर्ण –1 |
| | प्र0परि0यॉ0/3456 डी के तिवारी | स्वर्ण –1 |
| टेबिल टेनिस मिक्स डबल्स | स0परि0/5159 अर्चना | स्वर्ण –1 |
| | एसआईएम बी एन सिंह(अभिसूचना) | स्वर्ण –1 |
| | निरीक्षक देवेन्द्र सिंह(सुरक्षा मुख्यालय) | रजत –1 |
| | स0परि0/5210 सहर नैयर | रजत –1 |
| टेबिल टेनिस वेटरन 45+ | निरीक्षक देवेन्द्र सिंह(सुरक्षा मुख्यालय) | रजत –1 |
| | एसआईएम बी एन सिंह(अभिसूचना) | रजत –1 |
| टेबिल टेनिस वेटरन 55+ | एसआईएम बी एन सिंह(अभिसूचना) | स्वर्ण –1 |
| | एसआईएम शिवदीन सिंह(अभिसूचना) | स्वर्ण –1 |



श्री प्रमोद कुमार तिवारी, पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार द्वारा सभी विजेता एवं प्रतिभागियों को दिनांक 22.12.2017 को रेडियो मुख्यालय, लखनऊ पर सम्मानित किया गया। विजेताओं का उत्साहवर्द्धन करते हुए पारितोषिक प्रदान करने की घोषणा की गई। इस अवसर पर मुख्यालय के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## विशिष्ट महानुभावों द्वारा रेडियो मुख्यालय का भ्रमण

वर्ष 1962 से 1981 के मध्य, उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यायल, महानगर, लखनऊ का भ्रमण करने वाले विशिष्ट महानुभाव

06.01.63 Sri Jawahar Lal Nehru, Prime Minister of India
20.11.64 Sri Lal Bahadur Shastri, Prime Minister of India
18.09.62 Sri Bishwanath Das, Governor, U.P.
13.02.69 Sri B.Gopala Reddi, Governor, U.P.
29.12.62 Sri C.B. Gupta, Chief Minister, U.P.
13.11.64 Smt. Shucheta Kriplani, Chief Minister, U.P.
09.04.64 Sri Har Govind Singh, Home Minister, U.P.
09.11.62 Sri Nawal Kishore, Dy. Minister Home, U.P.
19.12.63 Sri B. Bhagwati, Dy. Minister P&T Govt. of India.
03.08.60 Sri Narsingh Rao Dixit, Dy. Minister, M.P.
31.10.68 Sri Mahadeo Prasad, Member of Parliament
31.10.68 Sri Ranjit Singh, Member of Parliament and 08 others
31.10.68 Sri Sher Khan, Member of Parliament
02.09.70 Sri Pitamber Pant, Member Planning Commission Government of India
11.08.81 Sri Rajendra Tripathi, State Home Minister, U.P.
23.12.81 Smt. S.K. Bakshi, Home Minister, U.P.

विशेष आभार – श्री अरविन्द जोशी पुत्र स्व0 छत्रपति जोशी एवं डॉ0 सीमा जोशी पुत्र वधु स्व0 छत्रपति जोशी। सम्पादन एवं डिजाइन – श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर। छायांकन सहयोग–श्री अख्तर अली, रेडियो उप निरीक्षक। डिजाइन सहयोग – श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक।

प्रतियाँ – 200

मुद्रक – शिवा PRESS ☎ 95989 666 88 KAPOORTHALA, LUCKNOW